<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–24.11.2024 (दोपहर–1455 बजे)</u>

<u>मुख्य समाचार</u>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने युवाओ से राजनीति से जुड़ने का आहवान किया है। श्री मोदी ने आज आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में कहा कि अगले वर्ष स्वामी विवेकानंद की 162वीं जयंती पर दिल्ली में विकसित भारत युवा नेतृत्व संवाद का आयोजन किया जाएगा। देश हर वर्ष 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद की जयंती पर युवा दिवस मनाता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस संवाद में पूरे देश से करोड़ों युवा भाग लेंगे।
श्री मोदी ने कहा कि–एक पेड़ मां के नाम अभियान ने केवल पांच महीनों में 100 करोड़ पेड़ लगाने की महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल कर ली है।

****************

झारखंड में इंडिया गठबंधन के नव–निर्वाचित विधायक आज दोपहर रांची में विधायक दल के नेता का चुनाव करने के लिए बैठक कर रहे हैं। बैठक मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के सरकारी आवास पर हो रही है। बैठक में झारखंड मुक्ति मोर्चा, कांग्रेस, राष्ट्रीय जनता दल और और भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी लेनिनवादी के नवनिर्वाचित विधायक शामिल हुए। हेमंत सोरेन को इंडिया गठबंधन के विधायक दल का नेता चुना जाना तय है। नेता चुने जाने के बाद हेमंत सोरेन आज शाम चार बजे राज्यपाल संतोष गंगवार से मुलाकात करेंगे और राज्य में नई सरकार बनाने का दावा पेश करेंगे। 81 सदस्यीय विधानसभा में इंडिया गठबंधन को 56 सीटें मिली हैं। वहीं, भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए गठबंधन ने 24 सीटें जीती हैं। एक सीट झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा को मिली है।

****************

झारखंड कांग्रेस पार्टी ने पार्टी विधायकों के नेता को नामित करने के लिए पार्टी अध्यक्ष को अधिकृत करने का निर्णय लिया है। पार्टी प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने कहा कि रांची में पार्टी के नये विधायकों की बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया।

****************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इंडिया गठबंधन को बहुमत मिलने पर लोगों का आभार जताते हुए कहा कि जनता की उम्मीदों पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे।

****************

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को बधाई देते हुए कहा कि हम जनादेश को स्वीकार करते हैं।

****************

पाकुड़ जिले के सभी तीन विधानसभा सीटों पर इंडिया गठबंधन की जीत के बाद जश्न का दौर जारी है। विस्तृत ब्योरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

****************

सरायकेला विधानसभा सीट पर भाजपा प्रत्याशी चम्पाई सोरेन ने जीत के बाद बांग्लादेशी घुसपैठियों के खिलाफ उलगुलान आंदोलन करने की घोषणा की है।

****************

हजारीबाग में मसीही समाज ने ख्रीस्त राजा पर्व धूमधाम से मनाया। इसे लेकर शहर में शोभा यात्रा निकाली गई।

****************

राजधानी रांची समेत राज्यभर में ठंड बढ़ने लगी है। गुमला, चतरा और लोहरदगा का न्यूनतम तापमान 9 दशमलव पांच डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया जबकि रांची का न्यूनतम तापमान 11 दमशमल आठ डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया है। रांची स्थित मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार अगले पांच दिनों तक सुबह के वक्त कोहरा और दोपहर के वक्त बादल छाये रहेंगे।

******समाप्त*******